संस्थान के विशेष विद्यालय के दो युवा छात्रों का होटल होमटेल में नौकरी के लिए चयन

29 अगस्त 2023 को राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान चंडीगढ़ में यहां के विशेष विद्यालय के 10 व्यस्क छात्रों का जॉब प्लेसमेंट के लिए एक स्क्रीनिंग प्रक्रिया आयोजित की गई। इस स्क्रीनिंग का संचालन होटल होमटेल के महाप्रबंधक श्री सुनील खेड़ा, मानव संसाधन प्रबंधक श्री मोहित राणा और प्रशिक्षण प्रबंधक सुश्री शीतल शर्मा तथा इस संस्थान के तरफ से संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, विशेष विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या सुश्री वंदना सिंह और जॉब प्लेसमेंट अधिकारी श्री जसविंदर कपिल ने इन छात्रों को चंडीगढ़ में एलांते मॉल के नजदीक के एक होटल होमटेल में नौकरी की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से किया।

संस्थान का विशेष विद्यालय यहां के वयस्क बौद्धिक दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए चंडीगढ़ एवं इसके आसपास नौकरी के अवसर प्रदान करने हेतु सक्रिय रूप से प्रतिबद्ध है। इस आरंभिक स्क्रीनिंग में कुल 10 छात्र शामिल हुए, जिन्हें होटल होमटेल के महाप्रबंधक के साथ साक्षात्कार के लिए सहमति हुई थी। इस साक्षात्कार प्रक्रिया में कुल दो छात्रों ने सफलता हासिल की।

11 सितंबर 2023 से दोनों व्यस्कों ने अपनी बेहतर सेवा वितरण की शुरुआत सफलतापूर्वक की। होटल के अधिकारियों ने भविष्य में भी यहां के दिव्यांग युवाओं का नौकरी के लिए चयन का आश्वासन दिया।

7 अक्टूबर 2023 शनिवार का दिन इन दोनों युवाओं के लिए यादगार रहा। उन्हें होटल होमटेल से प्लेसमेंट के बाद पहली सैलरी का चेक प्रदान किया गया। यह दोनों स्पेशल युवा पहली सैलरी पाकर बेहद खुश नजर आए।

होटल होमटेल के अधिकारियों के साथ संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, विशेष विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्या सुश्री वंदना सिंह एवं जॉब प्लेसमेंट अधिकारी श्री जसविंदर कपिल संस्थान के विशेष विद्यालय के युवाओं को जॉब प्लेसमेंट के लिए मीटिंग करते हुए।

रोजगार के लिए संबंधित अधिकारी गण संस्थान के कर्मियों के साथ बैठक करते हुए।

राहुल राणा (बाएं) और आशीष चौहान (दाएं) अपने पहले वेतन के चेक के साथ।

2 with learning difficulties land job, get 1st salary

TIMES NEWS NETWORK

Chandigarh: Two persons enrolled in Government Rehabilitation Institute for Intellectual Disabilities (GRIID), a special school actively committed to creating placement opportunities for adults with learning difficulties in Chandigarh, have been handed over their first pay cheques after successful placement and satisfactory performance for a month.

"It is really a huge and memorable milestone in their lives. It is also one of the great achievements in the history of placement and independent living of persons with intellectual disability," said a spokesperson.

The duo had in August undergone a screening process for job, which was conducted for 10 adults from Government Rehabilitation Institute for Intellectual Disabilities in Sector 31.

"This initial screening involved 10 students, who were being considered for interviews with the general manager of hotel chain Hometel. This is a remarkable milestone in the history of GRIID and their placement in the hotel industry," the spokesperson added.

ग्रिड के दो स्टूडेंट्स को प्लेसमेंट के बाद मिली पहली सैलरी

सिटी रिपोर्टर | चंडीगढ़

बौद्धिक विकलांगता : इंटलेक्चुअल डिसेबिलिटी : के दो युवाओं के जीवन में शनिवार का दिन यादगार रहा। उन्हें होटल होमटेल में प्लेसमेंट के बाद पहली सैलरी का चेक मिला। यह दोनों स्पेशल युवा पहली सेलरी पाकर बेहद खुश नजर आए।

गवर्नमेंट रिहेबिलिटेशन इंस्टीट्यूट फॉर इंटलेक्चुअल डिसेबिलिटी :ग्रिड: की ओर से बौद्धिक विकलांग स्टूडेंट्स को पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ उन्हें समाज की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। 29 अगस्त को दो युवाओं को ग्रिड में आयोजित प्लेसमेंट कैंप में नौकरी के लिए चुना गया था। कैंप में दस युवकों ने हिस्सा लिया था। स्क्रीनिंग प्रक्रिया महाप्रबंधक सुनील खेड़ा, मनाव संसाधन प्रबंधक मोहित राणा और मैनेजर होटल शीतल शर्मा की ओर से की गई थी। इस मौके पर ग्रिड की जॉइंट डायरेक्टर डॉ. प्रीति अरुण और कार्यवाहक प्रिंसिपल वंदना सिंह की ओर से जॉब प्लेसमेंट का आयोजन किया गया था।

समाचार कवरेज